>

Title: Need to convert and doubling of railway line from Saharanpur to Meerut into broad gauge and augment railway facilities in Saharanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र नगर निगम सहारनपुर में जम्मू कश्मीर तक डबल रेलवे लाईन है और मेरठ से दिल्ल तक डबल रेलवे लाईन है। आजादी के लगभग 62 साल बीत जाने के बाद भी नगर निगम सहारनपुर-टपरी से मेरठ तक के बीच का हिस्सा (मात्र 110 किलोमीटर) अभी तक भी सिंगल रेलवे लाईन है। उक्त समस्या के बारे में मैं लगातार तीन साल से रेल मंत्रालय, भारत सरकार को अवगत करा रहा हूं, लेकिन अभी तक इस संबंध मे कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। दिल्ली से सहारनपुर-हरिद्वार, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जाने हेतु मात्र एक रेलमार्ग है जिससे उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तथा प्रसिद्ध हिंदू तीर्थस्थल हरिद्वार व जम्मू कश्मीर जाने के लिए यात्रियों द्वारा उपयोग में लाया जाता है। नगर निगम सहारनपुर एशिया का वूडेन हैंडिक्राफ्ट (हस्तशिल्प) का सबसे बड़ा बाजार है यहां पर विश्व के अन्य देशों से काष्ठ नक्काशी के समान का निर्यात काफी मात्रा में होता है।

नगर निगम सहारनपुर में मेरठ लाइन पर स्थित देवबंद में दारूम-उलूम मुस्लिम समाज की शिक्षा अध्ययन का एशिया का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां देवबंद में विश्व से मुस्लिम समाज के छात्रों का बड़ी संख्या में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आवागमन बना रहता है। सहारनपुर से दिल्ली तक की दूरी लगभग 170 किलोमीटर है जिसको पूरा करने में लगभग 5 घंटे का समय लगता है यही दूरी तक रने मं लगभग 2 घंटे का समय ही पर्याप्त है। सिंगल रेलवे लाईन होने के कारण ट्रेनों के आवागमन में बहुत ही अध्क कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे अधिकतर रेलागाड़ियों अपने समय से चार-पांच घंटे की देरी से पहुंचती है।

मैं यह अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनुपर उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून लगभग 40 कि.मीटर की दूरी पर है। सहारनपुर लोक सभा क्षेत्र दूसरे अन्य तीन प्रदेशों उत्तराखंड, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। सहारनपुर से देहरादून जाने के लिए रूड़की हरिद्वार से होते हुए रेल लाईन जाती है जिसके कारण दिल्ली से देहरादून जाने के लिए लगभग 2 घंटे अतिरिक्त समय अधिकतम ल्गाता है। भारत सरकार द्वारा सहरनपुर से बेहट, मिर्जापुर, विकासनगर, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक यात्रियों की सुविध को देखते हुए नई रेलवे लाइन बनाने की कार्य योजना बनाने एवे उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने की आवश्यकता है।

नगर निगम सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मात्र एक साईड से ही आने जाने की व्यवस्था है। अत्यधिक संख्या में क्षेत्रवासियों के स्टेशन के आने जाने के कारण रेलवे स्टेशन के आसपास हमेशा किसी भी अप्रिय घटना का आशंका बनी रही है। सहारनपुर रेलवे स्टेशन के द्वितीय द्वारा पर कोई पुल नहीं है जिससे यात्री दूसरी साईड से प्लेटफार्म पर सीधे आ सके और सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर द्वितीय द्वार के आरक्षण केंद्र पर मात्र एक रेलवे कर्मचारी सुबह 9 से 5 बजे तक कार्य करता है जिसके कारण वहां आने जाने वाले यात्रियों को जनरल टिकट व आरक्षण कराने में बहुत अधिक कठिनाईयों का समाना करना पड़ता है इसलिय यहां बहुत भीड़ जमा हो जाती है। अतः उक्त आरक्षण केंद्र को डबल शिफ्ट में टिकट आरक्षण व जनरल टिकट करवाने का अनुरोध है।

अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि सहारनपुर-टपरी से मेरठ तक रेलवे लाईन का दोहरीकरण एवं उपरोक्त कार्य प्राथमिकता पर जनहित में यथाशीघ्र करवाने का कष्ट करें।